दिन– सोमवार दिनांक– 28 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उत्पन्न स्थिति को लेकर बैठकों का दौर जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच लगभग 40 मिनट तक चली बैठक के दौरान ताजा स्थिति को लेकर चर्चा की गई। इसके पूर्व कल प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की थी और पहलगाम आतंकी हमले के बाद सेना द्वारा लिए गए निर्णयों पर चर्चा की थी।

————————————————————————————

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर गलत सूचना फैलाने के लिए डॉन न्यूज, समा टीवी, आर्य न्यूज और जियो न्यूज सहित सोलह पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन यूट्यूब चौनलों पर सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, झूठे और भ्रामक बयान फैलाने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। सरकार ने हमले पर बी.बी.सी. की रिपोर्टिंग पर भी आपत्ति जताई है और भारत के बी.बी.सी. प्रमुख को देश की भावनाओं से अवगत कराया है।

————————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह के दौरान पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस वर्ष सात पद्म विभूषण, उन्नीस पद्म भूषण और एक सौ तेरह पद्मश्री पुरस्कार दिए जायेंगे। इस वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकार ने एक सौ उनतालीस पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी।

————————————————————————————

प्रदेश की सात हस्तियों को आज पद्‌म पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। स्वर कोकिला लोक गायिका स्वर्गीय शारदा सिन्हा को पद्‌म विभूषण, पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी को पद्‌म भूषण से सम्मानित किया जायेगा। पूर्व आईपीएस अधिकारी और समाजसेवी स्वर्गीय आचार्य किशोर कुणाल, आरा के भीम सिंह भवेश, सुजनी कलाकार मुजफ्फरपुर की निर्मला देवी, पटना के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर हेमंत कुमार और जमुई से जुड़े विजय नित्यानंद सूरीवर जी महाराज को पद्‌म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकांश भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने आज भी मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग ने पटना, नालंदा, भोजपुर, गया, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, सारण, पश्चिम चम्पारण, खगड़िया, कैमूर, बांका, जमुई और रोहतास समेत पच्चीस जिलों में अगले चौबीस घंटों के दौरान तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का रेड अलर्ट जारी किया है। इधर, मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना सहित कई जिलों में गरज और तेज हवा के साथ तेज बारिश दर्ज की गई। हमारे मधुबनी संवाददाता ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में बारिश से जल जमाव की स्थिति बन गई है। वहीं, दरभंगा जिले के विभिन्न भागों में बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

———————————————————————————

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है। प्राधिकरण ने परामर्श जारी कर कहा है कि बारिश के दौरान लोग अनावश्यक रूप से घर से बाहर खुले में न रहें और वज्रपात की स्थिति में सुरक्षित स्थानों में ही शरण लें।

———————————————————————————

अररिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पुलिस ने बावन अपराधियों को भारी मात्रा में शराब और अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

जहानाबाद जिले में ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने उनचास लोगों को उनके खोये मोबाईल फोन लौटाए। पुलिस अधिक्षक ने इसकी जानकारी दी।

———————————————————————————

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व के संस्थान फुटवियर डिजाइन एवं विकास संस्थान एफडीडीआई पटना ने बिहटा कैंपस में फैशन शो का आयोजन किया।

———————————————————————————

अरवल जिले के कुर्था प्रखंड अंतर्गत पर्यावरण सुरक्षा के लिए विद्यार्थियों ने एक जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों से एक पेड़ लगाने की अपील की गई।

———————————————————————————

समाप्त